MEAT INDUSTRY EMPLOYEES' SUPERANNUATION FUND

लाभों और लागतों का संक्षिप्त विवरण

MIESF द्वारा अपना सारा लाभ अपने सदस्यों में बाँट दिया जाता है रिटर्न्स ज़्यादा - लागतें कम		
आवंटित आय –MIESF मायसूपर	2019/20	3.5% प्र.व. (पेंशन संभाग के लिए 4.0% प्र.व.) 3.5% प्र.व. ट्रांज़िशन टू रिटायरमेंट पेंशनर्स के लिए
ऐतिहासिक आकड़े –MIESF मायसूपर	5 साल का औसत 10 साल का औसत 20 साल का औसत 37 साल का औसत	7.4% प्र.व. (पेंशन संभाग के लिए 8.3% प्र.व.) 7.8% प्र.व. (पेंशन संभाग के लिए 8.7% प्र.व.) 6.8% प्र.व. (पेंशन संभाग के लिए 7.5% प्र.व.) 8.4% प्र.व.(पेंशन संभाग की शुरुआत 1995 में हुई थी)
हाई ग्रोथ ऑप्शन (उच्च बढ़ोतरी विकल्प) (31 जनवरी 2009 को शुरु)	2019/20 5 साल का औसत 10 साल का औसत	-0.4% प्र.व. 6.7% प्र.व. 9.1% प्र.व.
30 जून 2020 को फंड का आकार	कुल संपत्ति सदस्यता पंजीकृत "सक्रिय" रोज़गारदाता	$855 मिलियन 19,300 2,400
एडमिनिस्ट्रेशन (व्यवस्था) शुल्क	प्रत्येक एकाउंट में से प्रति वर्ष $104 (प्रति सप्ताह $2) की कटौती की जाती है और साथ ही प्रति वर्ष 0.1% अप्रत्यक्ष व्यय रिक्वरी शुल्क आमदनी रेट निर्धारित किए जाने से पहले निवेश आय से काटा जाता है। यदि 30 जून 2021 तक आपका एकाउंट बैलेंस $6,000 से कम है, तो शुल्क ली जाने वाली एडमिनिस्ट्रेशन फीस और निवेश फीस की कुल संयोजन राशि की अधिकतम सीमा आपके एकाउंट के 3% पर निर्धारित की जाती है। यदि आप पूरे साल के लिए सदस्य नहीं हैं या आप वर्ष के दौरान किसी समय सदस्यता छोड़ देते/देती हैं तो यथानुपात कटौतियाँ लागू होती हैं।	
निवेश शुल्क	आपके एकाउंट का 0.38% प्रति वर्ष जब इसे MIESF MySuper में निवेश किया जाए; या आपके एकाउंट का 0.35% प्रति वर्ष जब इसे High Growth विकल्प में निवेश किया जाए। कोई प्रवेश शुल्क या बाय-सेल स्प्रेड या विदड्राल फीस नहीं है।	
मृत्यु, लाईलाज बिमारी (TI) तथा संपूर्ण और हमेशा के लिए अक्षमता (TPD) का बीमा कवर	55 वर्ष से कम आयु वाले योग्य (एलिजेबल) सदस्यों को $2,00,000 का मृत्यु और लाईलाज बीमारी बीमा कवर मिलता है। 55 से 64 वर्ष की आयु वाले योग्य (एलिजेबल) सदस्यों को मृत्यु और TI बीमा कवर का $1,00,000 का बीमा कवर मिलता है। 65 से 69 वर्ष की आयु वाले योग्य (एलिजेबल) सदस्यों को मृत्यु का $35,000 का बीमा कवर मिलता है। 65 से 68 वर्ष की आयु वाले योग्य (एलिजेबल) सदस्यों को लाईलाज बीमारी का $35,000 का बीमा कवर मिलता है। 30 वर्ष से कम आयु वाले योग्य (एलिजेबल) सदस्यों को $1,50,000 का TPD बीमा कवर मिलता है। 30 से 64 वर्ष तक की आयु के बीच बीमा कवर का स्तर तेज़ी से कम होता जाता है और 65 वर्ष की आयु से यह $0 हो जाता है। सदस्य की आयु और कवर की राशि पर निर्भर करते हुए खर्च को पूरा करने के लिए प्रत्येक पात्र सदस्य के एकाउंट से एक राशि काटी जाती है। आप फंड की, तारीख़ 29 सितम्बर 2020 की, बीमा पुस्तिका, इंटरनैट पर, **miesf.com.au/pds** पर देख सकते हैं। बीमा के कवर पर विभिन्न प्रकार के प्रतिबंधों के बारे में उस बीमा पुस्तिका के पृष्ठ 3 और 4 पर समझाया गया है।	
पेंशन संभाग	जो सदस्य अपनी संरक्षण आयु पर पहुँच गए हैं, वे उपरोक्त निर्धारित तरीके के अनुसार समान कम कीमत वाले "एडमिनिस्ट्रेशन और निवेश फीस" के साथ MIESF पेंशन शुरू कर सकते हैं। 2020/21 में पेंशन शुरु करने के लिए आपकी आयु कम से कम 58 होनी चाहिए।	
स्वैच्छिक योगदान	सदस्यों द्वारा बिना किसी अतिरिक्त लागत के स्वेच्छा से योगदान (अतिरिक्त पैसे जमा) किए जा सकते हैं और ऐसा करने वाले सदस्य सरकारी सह-भुगतान के योग्य (एलिजेबल) भी हो सकते हैं। हो सकता है कि आप अपनी कर के बाद की आय में से MIESF को किए गए स्वैच्छिक योगदानों के लिए कर में छूट पाने के लिए दावा करने के हकदार भी हों। कृपया ध्यान दें कि अगर आपकी आयु 67 वर्ष या अधिक की है तो, आप, सदस्य द्वारा स्वैच्छिक योगदान का, विकल्प तभी अपना सकते हैं जब आपके पास कम से कम अंश-कालिक (पार्ट-टाइम) रोज़गार हो। अगर आपकी आयु 75 वर्ष या अधिक की है तो, आप अपने सूपरएन्युएशन में ये योगदान (अतिरिक्त पैसे जमा) नहीं कर सकते।	
आपका इण्डस्ट्री फंड	MIESF की स्थापना 35 वर्ष पहले की गई थी। यह मांस उद्योग में काम करने वाले लोगों को सूपरएन्युएशन प्रदान करने वाले एक बहु रोज़गारदाता फंड के रुप में ऑस्ट्रेलिया-भर में काम करता है।	

उपरोक्त विवरण केवल एक संक्षिप्त विवरण है। कृपया ध्यान दें कि निवेश का, पूर्व का प्रदर्शन, भविष्य के प्रदर्शन का विश्वसनीय संकेतक नहीं होता है।

फंड के लाभों, लागतों और संचालन का विवरण हमारे, तारीख़ 29 सितम्बर 2020 के, नवीनतम प्रॉडक्ट डिस्क्लॉज़र स्टेटमैंट (PDS) में देखा जा सकता है। पेंशन संभाग के सदस्यों के लिए तारीख़ 29 सितम्बर 2020 का एक PDS भी उपलब्ध है।

आप इन PDSs की इंटरनैट पर **miesf.com.au/pds** पर समीक्षा कर सकते हैं या फ़िर, अगर आप एक मुद्रित (प्रिंटेड) प्रति चाहते हैं तो, कृपया 1800 252 099 पर फोन करें। फंड में अपनी रुचि जाग्रत करने या निरंतर जारी रखने के बारे में निर्णय लेने से पहले आपको फंड के प्रॉडक्ट डिस्क्लॉज़र स्टेटमैंट्स के बारे में सोचना चाहिए।

मीट इण्डस्ट्री एम्पलाईज़' सूपरएन्युएशन फंड प्राइवेट लिमिटेड
(ABN 58 005 793 199) (AFSL 239953) (RSE L000 1434) माय सूपर ऑथोराइज़्ड 17317520544110 इस फंड का ट्रस्टी है

MEAT INDUSTRY EMPLOYEES' SUPERANNUATION FUND

MIESF 2019/20 के लिए चोटि का MySuper निवेश रिटर्न प्रदान करता है

निवेश के रिटर्न्स

30 जून 2020 को ख़त्म हुए वर्ष के लिए सदस्यों के खातों के लिए आवंटित रिटर्न्स (निवेश की कुल लागतें और कर) इस प्रकार थे:

3.5% **MIESFM मायसूपर में निवेश करने वाले एक्यूमलेशन सदस्यों के लिए**

-0.4% **हाई ग्रोथ ऑप्शन (उच्च बढ़ोतरी विकल्प) चुनने वाले एक्यूमलेशन सदस्यों के लिए**

4.0% **पेंशन संभाग के सेवानिवृत्त सदस्यों के लिए**

3.5% **ट्रांज़िशन टू रिटायरमेंट पेंशनर्स के लिए**

2019/20 का वित्तीय वर्ष COVID-19 के कारण कई निवेशकों के लिए बहुत कठिन अवधि रही है। कई निवेशों पर रिटर्न बहुत कम थे या नेगेटिव (नकारात्मक) थे।

MySuper निवेश विकल्प के औसतन रिटर्न नेगेटिव 0.5% के करीबे थे।

MIESF MySuper में निवेश वाले सदस्यों के लिए 3.5% आवंटित रिटर्न एक अन्य बकाया निवेश रिटर्न है।

यह 90 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई सुपरएनुएशन फंड्स में **MySuper एकाउंट्स के लिए सर्वोच्च रिटर्न है।** प्रति वर्ष 7.4% के हमारे 3 और 5 वर्षीय औसतन रिटर्न सभी निवेश रिटर्नस के चोटि के 3 MySuper निवेश रिटर्न्स में हैं।

साधारणतया MIESF के मायसूपर खातों में शेयरों में निवेश का जोखिम अधिकाँश अन्य मायसूपर खातों से कम होता है। हालांकि हो सकता है कि इससे कम रिटर्न मिले। इसका उद्देश्य सदस्यों के लिए समय के साथ लगभग समान स्तरीय रिटर्न्स उत्पन्न करना है और इसका उद्देश्य यह भी है कि किसी भी एक वर्ष में घाटे की संभावनाएं कम हों।

सदस्य, अपने एन्युअल बैनिफिट स्टेटमैंट को देख कर यह जान सकते हैं कि, उनके सुपरएन्युएशन खाते पर इन मजबूत निवेश रिटर्न्स का क्या प्रभाव पड़ा है।

अगर आपको अपना बेनिफिट स्टेटमैंट नहीं मिला हो तो, कृपया फंड से संपर्क करें।

कृपया कुछ मिनटों का समय निकाल कर, इस पृष्ठ के पीछे की तरफ दिखाये गये MIESF के "लाभों और लागतों के संक्षिप्त विवरण" की समीक्षा करें।

सूपरएन्युएशन गारंटी योगदान

आपके रोज़गारदाता द्वारा किये गये कम्पलसरी सूपरएन्युएशन गारंटी योगदान आपकी सामान्य कमाई का, 9.5% होने चाहिए।

MIESF आपका इण्डस्ट्री फंड है

MIESF की स्थापना 1981 में AMIEU ने की थी। इस फंड को उस यूनियन का समर्थन निरंतर मिल रहा है। फंड का नियंत्रण करने वाली ट्रस्टी कंपनी में एक इंडिपैंडैन्ट (निष्पक्ष) अध्यक्ष है तथा अन्य निर्देशकों में से आधों को यूनियन द्वारा सदस्यों के प्रतिनिधि के रुप में नामांकित किया जाता है।

इस फंड का उद्देश्य मांस कर्मचारियों को एक कम लागत वाला, सरल तथा प्रभावशाली सूपएन्युएशन फंड उपलब्ध कराना है। MIESF के मायसूपर का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि आपकी सेवा निवृत्ति धनराशि सुरक्षित रहे तथा वित्तीय रुप से अनावश्यक ख़तरा उठाये बिना, औसतन तथा दीर्घकालीन अवधि में, समान्यतया अच्छे स्तर की दर पर आपको रिटर्न उपलब्ध कराना है जो कि बैंक ब्याज़ दरों से ज़्यादा ऊँची दर हो। जो सदस्य थोड़ा ज़्यादा ख़तरा उठाने की स्थिति में होते हैं वे अपने खाते का कुछ हिस्सा या खाते का सारा पैसा हाई ग्रोथ ऑप्शन (उच्च बढ़ोतरी विकल्प) में डाल सकते हैं।

MIESF का सदस्य होने के लिए हम आपको धन्यवाद देते हैं और आपको याद दिलाते हैं कि आपको अगर कुछ भी पूछना हो तो आप हमसे संपर्क कर सकते हैं।

MIESF के शुल्क कम हैं

मायसूपर के सभी प्रॉडक्ट्स (प्रस्तावों) का कम शुल्क वाला होना, एक सरल निवेश विकल्प होना तथा मृत्यु और स्थाई अक्षमता बीमा कवर प्रदान करने वाला होना ज़रुरी है। MIESF मायसूपर में ये सभी विशेषतायें हैं। कुछ समय के बाद आप मायसूपर के प्रॉडक्ट्स की तुलना करने में सक्षम हो जाने चाहियें **और तब आप देखेंगे कि MIESF ऑस्ट्रेलिया में कम लागत वाले सूपरएन्युएशन फंडों में से एक है।**

MIESF मायसूपर के लिए अधिकृत है

MIESF की ट्रस्टी कंपनी को अपने सदस्यों को MIESF मायसूपर उपलब्ध कराने के लिए ऑस्ट्रेलियन प्रूडैंशल रैगुलेशन अथॉरिटी द्वारा अधिकृत किया गया है।

बीमा प्रबंधों में बड़े बदलाव

सभी योग्य (एलिजेबल) सदस्यों को मृत्यु, संपूर्ण और हमेशा के लिए अक्षमता (TPD) तथा लाईलाज बीमारी बीमा कवर प्रदान किया जाता है।

55 वर्ष से कम आयु वाले योग्य (एलिजेबल) सदस्यों के लिए $2,00,000 का मृत्यु कवर उपलब्ध कराया जाता है । लाईलाज बीमारी हो जाने पर इस लाभ का भुगतान "जल्दी" भी कर दिया जाता है।

55 से 64 वर्ष तक की आयु वाले योग्य (एलिजेबल) सदस्यों को $1,00,000 का मृत्यु और लाईलाज बिमारी के लिए बीमा कवर मिलता है।

65 से 69 वर्ष तक की आयु वाले योग्य (एलिजेबल) सदस्यों को $35,000 का मृत्यु बीमा कवर मिलता है। 65 से 68 वर्ष तक की आयु वाले योग्य (एलिजेबल) सदस्यों को $35,000 का लाईलाज बीमारी बीमा कवर भी मिलता है।

30 वर्ष से कम आयु वाले योग्य (एलिजेबल) सदस्यों को $1,50,000 का TPD बीमा कवर मिलता है। TPD कवर की धनराशि 30 वर्ष से 64 वर्ष की आयु के बीच तेज़ी से कम होती जाती है और 65 वर्ष की आयु से यह राशि $0 हो जाती है।

सदस्य की आयु और कवर की राशि पर निर्भर करते हुए बीमा के खर्च को पूरा करने के लिए प्रत्येक पात्र सदस्य के एकाउंट से एक राशि काटी जाती है।

बीमा कवर कवर बारे में और अधिक विवरण इस फंड की तारीख़ 29 सितम्बर 2020 की पुस्तिका में उपलब्ध है जो कि इंटरनैट पर **miesf.com.au/pds** पर देखी जा सकती है। बीमा के कवर पर विभिन्न प्रकार के प्रतिबंधों के बारे में उस बीमा पुस्तिका के पृष्ठ 3 और 4 पर समझाया गया है।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने ऐसे कानून बनाए हैं जिसके परिणाम यदि हमें 16 महीने की अधिक अवधि के लिए आपके या आपके नियोक्ता या आपकी ओर से किसी अन्य फंड से रोलओवर करके कोई योगदान नहीं मिलते हैं तो **MIESF में आपका बीमा कवर रद्द हो सकता है।**

MIESF उन सदस्यों को पत्र लिखता है जो प्रभावित हुए हों। यदि आपको पत्र मिलता है तो कृपया ध्यानपूर्वक यह सोच-विचार करें कि क्या आप चाहते हैं कि आपका बीमा कवर जारी रहे।

हमसे संपर्क कैसे किया जा सकता है

Administration Officer
Meat Industry Employees' Superannuation Fund 2nd floor, 62 Lygon Street
CARLTON SOUTH VIC 3053
टेलिफोन: 1800 252 099 या (03) 9662 3861
फैक्स: (03) 9662 2430
ईमेल: fundadmin@miesf.com.au
वैबसाइट: www.miesf.com.au